प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
31.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से भीषण गर्मी के मौजूदा मौसम के दौरान अत्यधिक सावधानी बरतने और सरकारी दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील की है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज उन्होंने लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और धूप से बचाव के उपाय करके ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि गर्मी से राहत के लिए आम पन्ना, छाछ, लस्सी, सत्तू, शरबत, बेल पन्ना, और सोल कढ़ी का सेवन करना उपयोगी है।

प्रधानमंत्री ने नीदरलैंड्स की अपनी हाल की यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि नीदरलैंड्स सरकार ने चोलकालीन ताम्र–पट्टिकाएं भारत को लौटाई हैं। इससे दुनिया भर के तमिल समुदाय में विशेष उत्साह है। उन्होंने कहा कि ये पट्टिकाएं चोल साम्राज्य की समुद्री ताकत और दक्षिण–पूर्व एशियाई देशों के साथ उनके संबंधों को दर्शाती हैं।

नगर निगम

भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के तीन नगर निगमों में जीत हासिल कर ली है। आज हुई मतगणना के मुताबिक धर्मशाला नगर निगम में कुल 17 वार्डों में से भाजपा ने 11, कांग्रेस ने 5 और निर्दलीय प्रत्याशी ने एक वार्ड पर जीत हासिल की है। इसी प्रकार सोलन नगर निगम में भाजपा को 10 सीटें मिली हैं जबकि कांग्रेस पार्टी को 6 वार्डों में ही जीत हासिल हुई है। एक वार्ड पर निर्दलीय प्रत्याशी ने चुनाव जीता है। उधर मंडी नगर निगम में भाजपा को 12, कांग्रेस को एक और निर्दलीय प्रत्याशी को भी एक वार्ड में जीत मिली है। उधर पालमपुर नगर निगम में कांग्रेस पार्टी को जीत हासिल हुई है। शहर के कुल 15 वार्डों में से 11 पर कांग्रेस और 4 वार्डों में भाजपा को जीत मिली है। धर्मशाला से भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने स्थानीय नगर निगम पर भाजपा को मिली जीत के लिए मतदाताओं का आभार जताया है।

मतगणना–पंचायतीराज

इस बीच प्रदेश में 26, 28 और 30 मई को हुए ज़िला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव की मतगणना भी आज हो रही है। राज्य के 51 विकास खंडों में सुबह 9 बजे मतगणना शुरू हुई और अनेक सदस्यों के चुनावी नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। राज्य चुनाव आयोग के अनुसार आज शाम तक सभी प्रत्याशियों के परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। ज़िला परिषद सदस्यों के विजेताओं की आधिकारिक घोषणा उपायुक्त और बीडीसी सदस्यों की घोषणा संबंधित उपमंडल अधिकारी द्वारा की जाएगी।

जनगणना

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश के सभी लोगों से जनगणना कार्य में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में जनगणना दो चरणों में की जाएगी और पहला चरण 16 जून से 15 जुलाई के बीच चलेगा। इस दौरान मकान सूचीकरण, मकान गणना और जनसंख्या की गणना की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि कल पहली जून से 15 जून तक लोग स्वगणना पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने लोगों से स्वगणना विकल्प का अधिक से अधिक उपयोग करने का आहवान किया है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश के बर्फबारी वाले क्षेत्रों में दूसरे चरण में 11 सितम्बर से 30 सितम्बर तक जनगणना का कार्य किया जाएगा।